BHADOHI POLICE

सराहनीय कार्य, जनपद भदोही

जनपद भदोही

दिनांक-03.03.2025

◆थाना चौरी पुलिस टीम द्वारा सी.ई.आई.आर. पोर्टल के माध्यम से मोबाइल फोन गुम होने के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतों त्वरित कार्यवाही करते हुए दो अदद मल्टीमीडिया मोबाइल फोन किया गया बरामद

◆बरामदशुदा मोबाइल फोन सम्बन्धित मोबाइल स्वामियों को किया गया सुपुर्द

◆अपना खोया हुआ मोबाइल पाकर लोगों ने भदोही पुलिस का किया हृदय से धन्यवाद

मोबाइल फोन गुम हो जाने के संबंध में शिकायतकर्ताओं द्वारा सी.ई.आई.आर. पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज की जाती है। प्राप्त शिकायतों पर संबंधित थाना द्वारा नियमानुसार कार्यवाही करते हुए मोबाइल फोन बरामद करने की कार्यवाही की जाती है।

श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर सम्बन्धित थाना प्रभारियों को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देश के क्रम में थाना चौरी पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास करते हुए पोर्टल के माध्यम से प्राप्त दो शिकायतों से संबंधित पीड़ितों- श्री विकास सरोज निवासी निदुर थाना चौरी जनपद भदोही व श्री कृष्णानंद मिश्रा निवासी रबेली,परसीपुर थाना चौरी जनपद भदोही के दो अदद मल्टीमीडिया मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

आज दिनांक-03.03.2025 को थाना चौरी पुलिस टीम द्वारा बरामदशुदा मोबाइलों को उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया गया। अपना खोया हुआ मोबाइल पाकर संबंधित आवेदकों द्वारा अपार प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पुलिस अधीक्षक भदोही व पुलिस टीम को धन्यवाद प्रकट करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

उ0नि0 रमेश कुमार, थानाध्यक्ष चौरी व अनुराग द्विवेदी कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड बी थाना चौरी जनपद भदोही